# जनसहयोग से शहर स्वच्छता में बनेगा नम्बर-1

पत्रिका सोशल प्राइड



## धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान की हुई शुरुआत

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए स्वच्छता के प्रति जागरूकता जन सहभागिता जरूरी है। बगैर जनभागीदारी के स्वच्छता बनाए रखना कठिन है। स्वच्छता में जन सहयोग जरुरी है, मगर यह सहयोग सच्चे मन से होना चाहिए। तभी हम शहर को स्वच्छता के मामले में नम्बर-1 बना पाएगे। हम आपके सहयोग और सहकार से इस बार जीत सकते हैं।

यह बात सोमवार को नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान की शुरुआत अवसर पर व्यक्त करते हुए कही। धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान के तहत लोगों को जागरुक करने के साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण-2021 में आए बेहतर परिणामों के लिए सफाई मित्र, नागरिकों, व्यापारी बंधुओं, विभिन्न संस्थाओं के साथ ही स्वच्छागृहीगणों आदि का सम्मान किया जाना है। अभियान की शुरुआत के अवसर पर शहर के चारों झोनों पर समारोह आयोजित कर सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छागृहीगणों आदि का पुष्प मालाओं, पुष्प गुच्चों व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर उपायुक्त विकास सोंलकी, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा,स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर नवोदित बैरागी, अनुज शर्मा, दिव्या पाटीदार जोशी, शैलेन्द्रसिंह कटारिया, अशोक शर्मा सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

पत्रिका 30-11-21

'धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान' आरंभ किया जायेगा, निगम आयुक्त ने बैठक में दी जानकारी

# शहर को साफ-स्वच्छ रखना प्रत्येक नागरिक की जवाबदारीः झारिया

रतलाम ■ राज न्यूज नेटवर्क 30/11-21



स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणामों में प्रदेश के शहरो द्वारा उल्लेखनीय प्रगति किये जाने में प्रदेश के सभी नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका होने उनको प्रोत्साहन एवं आगामी स्वच्छ सर्वेक्षण के लिए उर्जा बनाए रखने के उद्देश्य से 29 से 30 नवम्बर शासन द्वारा चलाये जा रहे धन्यवाद मध्यप्रदेश'' अभियान को सफल बनाने हेतु निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निगम अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों की बैठक ली।

आयोजित बैठक में निगम आयुक्त ने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 के परिणामों में मध्यप्रदेश के अन्य शहरो के साथ ही रतलाम नगर निगम ने भी अच्छी रैंकिग प्राप्त की है इसका श्रेय नगर के सभी नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों को जाता है इसलिये शासन द्वारा चलाये जा रहे धन्यवाद मध्यप्रदेश'' अभियान के तहत उन्हे प्रोत्साहित किया जाना साथ ही स्वच्छ सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को उच्चतम् रैंकिग प्राप्त हो इस हेतु उन्हे ऊर्जावान बनाना है।

निगम आयुक्त ने बताया कि धन्यवाद मध्यप्रदेश'' अभियान के तहत 29 व 30 नवम्बर को सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छतागृहियों का सम्मान समारोह और प्रशिक्षण सह धन्यवाद ज्ञापन समारोह का आयोजन, 01 व 02 दिसम्बर को घरों से कचरा संग्रहण के दौरान सभी नागरिकों का उनके निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन, शहर में स्वच्छता एप का प्रचार-प्रसार और स्वच्छता एप के माध्यम से शिकायत समाधान, 03 व 04 दिसम्बर को सार्वजनिक क्षेत्रों में सफाई रखने के लिए नागरिकों एवं व्यापारिक संस्थानों, छोटी बड़ी सभी दुकानों आदि में नगर निगम व एनजीओ की टीम के माध्यम से व्यक्तिगत संपर्क और धन्यवाद ज्ञापन, पहर में स्वच्छता एप का प्रचार-प्रसार और स्वच्छता एप के माध्यम से शिकायत समाधान व 05 व 06 दिसम्बर को सार्वजनिक शौचालयों के संचालकों का उनके स्थान पर ही जाकर सम्मान व षहर में स्वच्छता एप का प्रचार-प्रसार और स्वच्छता एप के माध्यम से शिकायत का समाधान करवाना है।

बैठक में निगम आयुक्त ने निगम अधिकारी, कर्मचारियों व स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों से कहा कि शासन द्वारा प्राप्त गतिविधियों का संचालन झोन अनुसार किया जाये जिससे नागरिक शहर की स्वच्छता में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिये प्रेरित हो साथ ही सभी नागरिकों को स्वच्छता एप डाउनलोड़ करवाये व दर्ज षिकायतों का समय सीमा में निराकरण करवायें।

आयोजित बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जी.के.जायसवाल, झोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा, नगर निगम की सहयोगी संस्था के अनिल पांचाल, अशोक शर्मा, श्रीमती दिव्या व राजा ठाकुर उपस्थित थे।

राज एक्सप्रेस 30/11-21

निजी सुरक्षा गार्ड भी रखा जो यातायात सुधार में मदद करेगा

# स्वयं के व्यय से सफाई के बाद लगवाए सीसीटीवी कैमरे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के घांस बाजार व चौमुखीपुल क्षेत्र के कारोबारियों ने रविवार को स्वयं के व्यय से सफाई करवाई थी। अब एक कदम आगे बढ़कर न सिर्फ सीसीटीवी कैमरे सुरक्षा के लिए लगवाए हैं, बल्कि इसके साथ - साथ निजी सुरक्षा गार्ड भी रखा है जो यातायात जाम होने की दशा में पुलिसकर्मियों की मदद यातायात को बेहतर बनाने में करेगा।

क्षेत्रीय रहवासियों ने बताया उनका क्षेत्र खरीदी का प्रमुख केंद्र है। सोना - चांदी कारोबार के अलावा विभिन्न तरह की साड़ी की दुकान पर जाने का प्रमुख मार्ग है। ऐसे में न सिर्फ शहर बल्कि ग्रामीण अंचल से भी बड़ी संख्या में खरीदी करने के लिए उपभोक्ता आते हैं। कई बार उपभोक्ताओं के वाहन जाम के हालात में फंस जाते हैं। ऐसे में यातायात व थाने की पुलिस तो जाम को सुधारती ही है इसके साथ - साथ उनके द्वारा रखा गया निजी गार्ड भी इस कार्य में मदद करेगा। इसके लिए यूनिफॉर्म भी गार्ड को उपलब्ध कराई गई है। निजी सुरक्षा ऐजेंसी के गार्ड ने काम करना शुरू भी कर दिया है।



## सीसीटीवी कैमरे भी

सोना - चांदी की दुकान के अलावा अन्य कारोबारियों की दुकानें व आवास होने के चलते क्षेत्रीय रहवासियों ने सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए हैं। हालांकि कुछ आवास में यह पहले से लगे हुए थे, लेकिन अब इसको अन्य आवास में रहने वालों ने भी लगाने की शुरुआत कर दी है। इसके पीछे उद्देश्य यह बताया गया है कि इससे क्षेत्र में सुरक्षा बेहतर रहेगी।

## इससे ले प्रेरणा

हमारे क्षेत्र में कारोबारियों ने स्वयं के व्यय से सफाई करवाई व घांस बाजार क्षेत्र में निजी सुरक्षा गार्ड भी रखा गया है। स्वच्छता के मामले में पूरे शहर को इससे प्रेरणा लेना चाहिए।
**- पीएस कुमार**, रहवासी चौमुखीपुल

पत्रिका 30-11-21

पत्रिका 30-11-21

नगर निगम दो कंसलटेंट से बनवा रहा योजना

# जब तक पुराने इंटकवेल में नई मोटर नहीं तब तक प्रतिदिन पानी का सपना अधूरा

पत्रिका इनसाइड स्टोरी

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर के रहवासियों को अपने नल में प्रतिदिन पेयजल के लिए अभी इंतजार करना होगा। गत वर्ष कस्तुरबा नगर की पेयजल पाइप लाइन से इसकी शुरुआत कुछ क्षेत्र में की गई, अब धोलावाड़ स्थित इंटकवेल में पुरानी हो गई मोटरों को जब तक नहीं बदला जाएगा, तब तक शहर के हर घर के नल में प्रतिदिन पेयजल उपलब्ध नहीं हो पाएगा। इस सपने को पूरा करने के लिए निगम ने दो कंसलटेंट नियुक्त किए हैं, जिनकी रिपोर्ट 15 दिसंबर तक आएगी।

शहर में नगर निगम के घरेलू पेयजल के 37635 व व्यवसायीक पेयजल के 274 उपभोक्ता हैं। इनमे से घरेलू उपभोक्ताओं में करीब 10 हजार परिवार में तो कस्तुरबा नगर की पेयजल टंकी से प्रतिदिन पेयजल मिल रहा है, शेष उपभोक्ताओं को 150 रुपए प्रतिमाह जलकर देने के बाद भी 15 दिन ही पानी मिलता है। गत वर्ष कस्तुरबा नगर की टंकी से प्रतिदिन पेयजल देने की शुरुआत के बाद निगम ने यह दावा किया था कि शहर को जल्दी ही प्रतिदिन पेयजल मिलेगा। तब से अब तक आम उपभोक्ता इंतजार ही कर रहा है।



## यह मोटर हो गई है पुरानी

असल में धोलावाड़ स्थित जल सरोवर से मोरवानी स्थित पेयजल शुद्धिकरण प्लांट में पानी आता है। जिस इंटकवेल से पानी आता है, वहां लगी हुई मोटर पुरानी हो गई है। निगम के अधिकारियों के अनुसार 306 हॉर्सपॉवर की दो व 170 हॉर्सपॉवर की एक मोटर के सहारे धोलावाड़ से पानी मोरवानी स्थित फिल्टर प्लांट में आता है। मोरवानी से ही पेयजल शुद्ध होकर शहर की अलग-अलग पेयजल टंकियों व संपवेल में जाता है। धोलवाड़ में जो तीन मोटर लगी हुई है, वे ही पुरानी हो गई है व इनको बदला जाना है। इसके लिए कंसलटेंट नियुक्त किए गए है।

## कंसलटेंट है बाहर के

नगर निगम ने नई मोटर डालने के पूर्व धुलिया महाराष्ट्र व इंदौर के एक - एक कंसलटेंट को नियुक्त किया है। यहॅं कंसलटेंट की टीम के सदस्यों ने, अब तक आठ बार धोलवाड़ से लेकर मोरवानी तक निरीक्षण किया है। सोमवार को भी दल के सदस्य धोलावाड़ गए थे। अब इनकी रिपोर्ट बनने का कार्य एक दिसंबर से शुरू होगा। बताया जाता है कि 15 दिसंबर तक कंसलटेंट की रिपोर्ट नगर निगम को मिल जाएगी। इसके बाद निगम नई मोटर के लिए टेंडर जारी करेगा। नए टेंडर के बाद जब नई मोटर लगेगी, तब शहर को प्रतिदिन पेयजल मिलने की शुरुआत होगी। इन सब कार्य में यह कैलेंडर वर्ष पूरा बीत जाएगा।

शहर विधायक चेतन्य काश्यप की मंशा अनुसार शहर में प्रतिदिन पेयजल वितरण के लिए योजना पर नगर निगम तेजी से काम कर रही है। शहर में करीब 33 पेयजल टंकियां व 5 से 7 संपवेल है जिनसे पेयजल का वितरण किया जाता है। जल्दी ही कंसलटेंट की रिपोर्ट मिलेगी व उस पर अमल किया जाएगा।

**- सोमनाथ झारिया**, आयुक्त नगर निगम

पत्रिका 30-11-21

# कोविड-19 संक्रमण से मृत्यु पर अनुग्रह राशि प्रदान करने के लिए जिले भर में कैंप आयोजित, 307 आवेदन प्राप्त

रतलाम। राज्य शासन की योजना के अनुसार कोविड-19 संक्रमण से जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है, उनके वारिसान को अनुग्रह राशि प्रदान करने के लिए पूरे जिले में रविवार को कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 307 आवेद्रन प्राप्त हुए जिनका परीक्षण उपरांत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर के अलावा जिले की जनपद पंचायतों तथा नगर पालिकाओं में भी कैंप आयोजित किए गए। रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कैंप में 190 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा जावरा में 30, पिपलोदा में 50 तथा बाजना में 10, ताल नगर पालिका में 11, नगर पालिका आलोट में 7 आवेदन प्राप्त हुए। रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कैंप में आवेदन का प्रारूप भी आवेदकों को उपलब्ध कराया गया जिसकी पूर्ति आवेदकों से कराई जाकर प्राप्त किया गया। इस दौरान ऑफिस अधीक्षक श्री प्रभाकांत उपाध्याय, सहायक



श्री नवीन त्रिवेदी, सुश्री अंकिता व्यास, श्री मनीष माथुर, श्री अभिषेक पालीवाल, श्री श्याम वर्मा, नगर निगम उपयंत्री श्री राजेश पाटीदार, सुश्री अनीता ठाकुर, श्री मनीष तिवारी, नायब तहसीलदार सुश्री पूजा भाटी, श्री मनोज चौहान, राजस्व निरीक्षक श्री शुभम तिवारी, पटवारी श्री दिग्विजय जलधारी आदि ने तैनात रहकर सक्रियता से कार्य किया।

## 67 आवेदकों के बैंक खातों में अनुग्रह राशि पहुंची

कोरोना संक्रमण से मृत्यु की दशा में वारिसान को अनुग्रह सहायता राशि देने का कार्य सतत जारी है। अब तक 67 व्यक्तियों के बैंक खातों में 50-50 हजार रुपए अनुग्रह राशि अंतरित की जा चुकी है। सोमवार को भी लोगों के बैंक खातों में राशि डाली जाएगी।

## कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क अनिवार्य रुप से लगाएं : कलेक्टर श्री पुरुषोत्तम

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने जिले के सभी आमजनों से अपील की है कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क अनिवार्य रुप से लगाएं। कलेक्टर ने कहा है कि सूचनाओं के अनुसार अफ्रीका में एक नया वेरिएंट आया है। अपने देश के कुछ हिस्सों में भी कोरोना के केस लगातार बढ़ रहे है। यद्यपि यह राहत की बात है कि वर्तमान मे रतलाम में अभी कोई केस नहीं है। लेकिन हमने पिछले अनुभवों से जाना है संक्रमण फैलने में देर नहीं लगती। कलेक्टर ने कहा कि हर तरह के प्रतिबंध हट चुके हैं, बाजार खुल चुके हैं। देखने में आ रहा है कि लोगों ने लापरवाही बरतना शुरू कर दी है, मास्क नहीं लगा रहे है। अभी जिले मे एक लाख से ज्यादा व्यक्ति हैं जिनका सेकंड डोज पेंडिंग है, उनका समय तो हो गया लेकिन लगवाने नहीं आ रहे है। यह जिले के लिए चिंताजनक बात है। हम ऐसे लोगों को खोजने का प्रयास कर रहे हैं। आपसे अनुरोध है कि सेकंड डोज को जन आंदोलन बनाकर आपके आसपास जो भी ऐसे लोग हैं, जिनका सेकण्ड डोज ड्यू है, उन्हें सेकण्ड डोज लगवाने के लिए प्रेरित करें। यही बचाव का एकमात्र उपाय है। मास्क के लिए सोमवार से अब सख्ती शुरू होगी क्योंकि बाजारों में देखा जा रहा है कि अब कोई भी मास्क नहीं पहन रहा है। सोमवार से अभियान शुरू करेंगें। अनुरोध है कि मास्क जरूर लगाएं, किसी भी तरह के संक्रमण में मास्क ही एकमात्र उपाय है जो हमें सुरक्षित रखता है। वैक्सीनेशन हमारे पास दूसरा उपाय है। इन दोनों उपायों का कड़ाई से पालन करेंगे तो आगामी संकट की बात जो विश्व के कई देशों में हो रही है उससे हम अपेक्षाकृत रुप से सुरक्षित रह पाएंगे।

**बड़ी लापरवाही : ठेकेदार कंपनी की मनमानी जारी, 3 साल में एक भी रोड पूरी नहीं बनाई**

**मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट का काम घटिया**

# पुरानी ईंटें लगाकर ऊंचे कर रहे सीवरेज चैंबर, सीमेंट-कांक्रीट में पड़ने लगीं दरारें

## राजनीतिक पहुंच होने के कारण अफसर नहीं कर पा रहे ब्लैक लिस्टेड की कार्रवाई

भास्कर संवाददाता | रतलाम

भोपाल में बैठे राजनीतिक आकाओं की बदौलत मिनी स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की ठेकेदार कंपनी की मनमानी खत्म ही नहीं हो रही है। कई दिन बंद रहने के बाद 2 दिन पहले ऊकाला रोड का काम शुरू तो हुआ लेकिन घटिया तरीके से। रोड के दायरे में आ रहे सीवरेज चैंबर को पुरानी टूटी ईंटें लगाकर ऊंचा किया जा रहा है। सीमेंट-कांक्रीट भी ठीक से नहीं किया जा रहा। इसे लेकर फिर शिकायतें होने लगी हैं।

आलम यह है कि 3 साल में ठेकेदार एक भी सड़क पूरी नहीं बना पाया है। विधायक चेतन्य काश्यप की नाराजगी के बाद नगर निगम ने 2 सितंबर को ठेकेदार कंपनी को ब्लैक लिस्टेड करने एमपीयूडीसी (मप्र अर्बन डवलपमेंट प्रालि) को प्रतिवेदन भेजा। वह भी ठेकेदार की ऊंची पहुंच की बदौलत फाइलों में दबकर रह गया है। इसके उलट ठेकेदार कंपनी की समय सीमा बढ़ती जा रही है। टेंडर शर्तों के अनुसार 31 अगस्त 2020 तक सारे काम पूरा करने थे। इसे बढ़ाकर पहले मार्च 2021, फिर जुलाई 2021 और अब 31 दिसंबर 2021 कर दी है।



पुरानी टूटी ईंटों से ऊंचा किया जा रहा सीवरेज चैंबर।



ऊकाला रोड की दूसरी पट्टी में सीसी वर्क करते कर्मचारी।

### 3 सड़कों के काम छीन लिए, अब निगम ने बनाए नक्शे

प्रोजेक्ट में 6 सड़कों को शामिल किया था लेकिन बहुत धीमा काम करने के कारण सितंबर में एमपीयूडीसी ने 3 सड़कों के काम छीनकर (डि-स्कोप करके) नगर निगम के सौंप दे दिए थे। इसके बाद ठेकेदार के पास सिर्फ 3 सड़कों ऊकाला रोड, महू रोड और आनंद कॉलोनी का काम है। फिलहाल तीनों ही अधूरी हैं। उधर काम मिलने के बाद नगर निगम ने जवाहरनगर, लोकेंद्र टॉकीज और शास्त्रीनगर रोड के नक्शे बना लिए हैं। अब 1082 लाख रुपए में बनने वाली सड़कों की डीपीआर तैयार की जा रही है।

30/11/21

### ये सड़कें अब नगर निगम बनवाएगी

- जवाहरनगर रोड - गुजरात स्वीट्स-गांधीनगर-लक्ष्मणपुरा-जूनियर रेलवे इंस्टिट्यूट तक
- लोकेंद्र टॉकीज रोड -सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज तक
- शास्त्रीनगर मुख्य मार्ग - पावर हाउस तिराहा से न्यू रोड तिराहा

### ये सड़कें 3 साल बाद भी अधूरी

- ऊकाला रोड - चार चक्की चौक-सेठिया गार्डन-बजरंगनगर तक
वर्तमान स्थिति - दूसरी पट्टी में सीसी वर्क चल रहा है। काम कई दिन से बंद था, दो दिन पहले ही शुरू हुआ है।
- आनंद कॉलोनी रोड- कॉन्वेंट स्कूल से कालिकामाता पुलिया तक
वर्तमान स्थिति - इसे नाले की पुलिया तक ही बनाया है, पहले जमातखाना तक बनाया जाना था।
- महू रोड - कृषि मंडी से फव्वारा चौक तक
अभी हालत - दो साल में फुटपाथ का काम चल रहा, कुछ जगह साइडिंग का काम तो कुछ जगह पेवर ब्लॉक लगाने का काम अधूरा है।

### काम चल रहा है, बंद नहीं हुआ

काम चल रहा है, बंद नहीं हुआ। ऊकाला रोड का काम चालू हो गया है। सीसी वर्क किया जा रहा है। महू रोड की साइडिंग का काम जल्द खत्म हो जाएगा।

**बीटी रामचंद्र राव,** इंजीनियर-ठेकेदार कंपनी

भास्कर 30-11-21

# जननायक टंट्या मामा के गुणगान के साथ जिले के बाजना से गौरव कलश यात्रा प्रारंभ हुई

प्रसारण न्यूज • रतलाम

क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या मामा के गुणगान के साथ सोमवार को रतलाम जिले के बाजना से गौरव कलश यात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आए हुए व्यक्तियों द्वारा यात्रा में शामिल होकर स्वतंत्रता संग्राम में वीर टंट्या मामा के योगदान को व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय, विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलसिंह भाबर, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, डॉ. विजय चारेल, जनपद अध्यक्ष सुश्री रामवर देवदा, मीतीलाल निनामा, शंभूसिंह गणावा, नारायण मईडा, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्रीमती कामिनी ठकुर, जनपद सीईओ विजय गुप्ता, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, एसडीओ पीडब्ल्यूडी राय, बड़ी संख्या में जनजाति बंधु, ग्रामीणजन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में वीर टंट्या मामा के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। यात्रा में रथों पर सवार होकर सांस्कृतिक कलाकार दलों द्वारा वीर टंट्या मामा तथा अन्य जननायको की गाथा सुनाई जा रही है।

बाजना में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विभाष उपाध्याय ने कहा कि वीर टंट्या मामा हमारे देश का गौरव है। स्वतंत्रता के संग्राम में उनका योगदान अद्भुत है। अंग्रेजों के विरुद्ध उनके द्वारा लड़ाई शौर्य और साहस की मिसाल है। श्री उपाध्याय ने टंट्या मामा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा यात्रा आयोजन के साथ सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में स्कूल, सड़क, पेयजल, आवास, शौचालय, शिक्षा, सिंचाई जैसे सभी बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें सौभाग्य से गौरव यात्रा में शामिल होने का अवसर मिला है। 4 दिसंबर को पाताल पानी में होने वाले समापन समारोह में भी अधिकाधिक लोग सपरिवार पहुंचे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा गौरवशाली आयोजन किया जा रहा है।




कलसिंह भाबर ने अपने संबोधन में कहा कि वीर टंट्या मामा हमारे समाज के गौरव हैं। अंग्रेजों से लड़ाई में उनका अद्भुत योगदान है। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई का बिगुल बजाकर समाज को जागृत किया। आज ऐसे शूरवीर योद्धा का स्मरण किया जा रहा है। श्री कल सिंह भाबर ने जनजाति समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और देश के विकास में समाज के योगदान की विस्तृत जानकारी अपने उद्बोधन में दी।

रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि वीर टंट्या मामा के शौर्य और साहस का गुणगान करके हम गौरवान्वित हैं। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान सदैव स्मरणीय है। वे मालवा, निमाड़ तथा अन्य क्षेत्रों के सम्माननीय जननायक हैं। हमें चाहिए कि हम सभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों का सदैव स्मरण करते रहे।

विधायक दिलीप मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। अभी विगत दिनों जनजाति गौरव दिवस मनाया गया था और अब वीर टंट्या मामा को स्मरण करते हुए गौरव कलश यात्रा आयोजित की जा रही है। जनजाति समाज के विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान दृढ़ संकल्पित और कृत संकल्पित है। जनजाति समाज के सर्वांगीण उत्थान का कार्य मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। श्री मकवाना ने 4 दिसंबर को पाताल पानी में आयोजित समापन समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचने की अपील की। कार्यक्रम में श्री राजेंद्रसिंह लुनेरा ने अपने संबोधन में वीर टंट्या मामा सहित देश के आदिवासी जननायकों के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में जनजाति बंधुओं के विकास और उत्थान के लिए सदैव कृत संकल्पित है। इसके लिए कई योजनाएं लागू की गई हैं जिनका लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम में श्रीमती संगीता चारेल, नारायण मईडा, डॉ. विजय चारेल ने भी संबोधित किया।

बाजना से चलकर गौरव कलश यात्रा शिवगढ़ होती हुई सैलाना पहुंची। स्थान-स्थान पर यात्रा का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया। यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। बाजना में यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जलगांव (महाराष्ट्र) से आए कलाकारों के दल द्वारा जननायक टंट्या मामा के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। स्थानीय आदिवासी कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम परिसर में वीर टंट्या मामा सहित देश के आदिवासी जननायकों की चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसको दर्शकों द्वारा सराहा गया।

प्रसारण 30/11/21

अवन्तिका | रतलाम-मन्दसौर-नीमच

# जननायक टंट्या मामा के गुणगान के साथ जिले के बाजना से गौरव कलश यात्रा प्रारंभ हुई

'दैनिक अवन्तिका' ⏩ रतलाम




क्रांतिसूर्य जननायक टंट्या मामा के गुणगान के साथ सोमवार को रतलाम जिले के बाजना से गौरव कलश यात्रा प्रारंभ हुई। इस अवसर पर बड़ी संख्या में आए हुए व्यक्तियों द्वारा यात्रा में शामिल होकर स्वतंत्रता संग्राम में वीर टंट्या मामा के योगदान को व्यक्त किया गया।

कार्यक्रम में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के उपाध्यक्ष विभाष उपाध्याय, विधायक चेतन्य काश्यप, विधायक रतलाम ग्रामीण दिलीप मकवाना, कलसिंह भाबर, पूर्व विधायक श्रीमती संगीता चारेल, डॉ. विजय चारेल, जनपद अध्यक्ष सुश्री रामवर देवदा, मोतीलाल निनामा, शंभूसिंह गणावा, नारायण मईडा, अपर कलेक्टर एम.एल. आर्य, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती जमुना भिड़े, एसडीएम श्रीमती कामिनी ठाकुर, जनपद सीईओ विजय गुप्ता, जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय, एसडीओ पीडब्ल्यूडी राय, बड़ी संख्या में जनजाति बंधु, ग्रामीणजन आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम में वीर टंट्या मामा के चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया। यात्रा में रथों पर सवार होकर सांस्कृतिक कलाकार दलों द्वारा वीर टंट्या मामा तथा अन्य जननायको की गाथा सुनाई जा रही है। बाजना में आयोजित कार्यक्रम में संबोधित करते हुए विभाष उपाध्याय ने कहा कि वीर टंट्या मामा हमारे देश का गौरव है। स्वतंत्रता के संग्राम में उनका योगदान अद्भुत है। अंग्रेजों के विरुद्ध उनके द्वारा लड़ाई शौर्य और साहस की मिसाल है। श्री उपाध्याय ने टंट्या मामा के जीवन पर प्रकाश डालते हुए ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक पृष्ठभूमि की जानकारी भी दी।

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा यात्रा आयोजन के साथ सर्वांगीण विकास के लिए दृढ़ संकल्पित होकर कार्य किया जा रहा है। प्रदेश में स्कूल, सड़क, पेयजल, आवास, शौचालय, शिक्षा, सिंचाई जैसे सभी बिंदुओं पर कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमें सौभाग्य से गौरव यात्रा में शामिल होने का अवसर मिला है। 4 दिसंबर को पातालपानी में होने वाले समापन समारोह में भी अधिकाधिक लोग सपरिवार पहुंचे। मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान द्वारा गौरवशाली आयोजन किया जा रहा है।

कलसिंह भाबर ने अपने संबोधन में कहा कि वीर टंट्या मामा हमारे समाज के गौरव हैं। अंग्रेजों से लड़ाई में उनका अद्भुत योगदान है। उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध लड़ाई का बिगुल बजाकर समाज को जागृत किया। आज ऐसे शूरवीर योद्धा का स्मरण किया जा रहा है। श्री कल सिंह भाबर ने जनजाति समाज की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला और देश के विकास में समाज के योगदान की विस्तृत जानकारी अपने उदबोधन में दी।

रतलाम शहर विधायक चैतन्य काश्यप ने अपने संबोधन में कहा कि वीर टंट्या मामा के शौर्य और साहस का गुणगान करके हम गौरवान्वित हैं।

भारतीय स्वतंत्रता संग्राम में उनका योगदान सदैव स्मरणीय है। वे मालवा निमाड़ तथा अन्य क्षेत्रों के सम्माननीय जननायक हैं। हमें चाहिए कि हम सभी भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के नायकों का सदैव स्मरण करते रहे।

विधायक दिलीप मकवाना ने अपने संबोधन में कहा कि मध्यप्रदेश सरकार द्वारा ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। अभी विगत दिनों जनजाति गौरव दिवस मनाया गया था और अब वीर टंट्या मामा को स्मरण करते हुए गौरव कलश यात्रा आयोजित की जा रही है। जनजाति समाज के विकास के लिए मुख्यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान दृढ़ संकल्पित और कृत संकल्पित है। जनजाति समाज के सर्वांगीण उत्थान का का मध्यप्रदेश में किया जा रहा है। श्र मकवाना ने 4 दिसंबर को पाता पानी में आयोजित समापन समारो में बड़ी संख्या में पहुंचने व अपील की। कार्यक्रम में श्र राजेंद्रसिंह लुनेरा ने अपने संबोध में वीर टंट्या मामा सहित देश के आदिवासी जननायकों के व्यक्ति एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री श्र शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व मं जनजाति बंधुओं के विकास औ उत्थान के लिए सदैव कृत संकल्पित है। इसके लिए क योजनाएं लागू की गई हैं जिनक लाभ प्राप्त हो रहा है। कार्यक्रम मे श्रीमती संगीता चारेल, नारायण मईडा, डॉ. विजय चारेल ने भी संबोधित किया।

बाजना से चलकर गौरव कलश यात्रा शिवगढ़ होती हुई सैलाना पहुंची। स्थान-स्थान पर यात्रा का भव्य स्वागत, अभिनंदन किया गया। यात्रा पर पुष्पवर्षा की गई। बाजना में यात्रा के शुभारंभ अवसर पर जलगांव (महाराष्ट्र) से आए कलाकारों के दल द्वारा जननायक टंट्या मामा के जीवन पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुति दी गई। स्थानीय आदिवासी कलाकारों द्वारा भी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर कार्यक्रम परिसर में वीर टंट्या मामा सहित देश के आदिवासी जननायकों की चित्र प्रदर्शनी भी आयोजित की गई जिसको दर्शकों द्वारा सराहा गया।

अवन्तिका 30-11-21

**कॉलोनियों की खेती : ठेकेदार जमीन के पास वाले नाले को बना रहा पक्का**

# गोशाला रोड पर डेवलप की जा रही अवैध कॉलोनी की जांच शुरू, ढूंढ रहे हैं एग्रीमेंट


भास्कर संवाददाता | रतलाम

30/11-21

बगैर अनुमति के गोशाला रोड पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी की जांच नगर निगम ने शुरू कर दी है। पहले दिन मौके पर कॉलोनी जैसा कोई निर्माण होते नहीं मिला इसलिए अफसर सिर्फ लोकेशन देखकर लौट आए। उनके हाथ इसलिए भी बंधे हुए हैं क्योंकि अभी सिर्फ बाउंड्रीवॉल बनाकर जमीन को समतल किया जा रहा है।

निगम ने हालांकि तैयारी कर ली है, कॉलोनाइजर द्वारा परमिशन लिए बिना सड़क, नाली सहित अन्य निर्माण करवाते ही कार्रवाई होगी। अवैध कॉलोनी के खुलासे के बाद सुबह कमिश्नर सोमनाथ झारिया और दोपहर को सिटी इंजीनियर साइट देखने पहुंचे। अब अधिकारी कॉलोनी का नक्शा और एग्रीमेंट तलाश रहे हैं, जिन पर अवैध कॉलोनी के प्लॉटों को बेचा जा रहा है। सोमवार को नाला पक्का बनाने वाले ठेकेदार और कॉलोनाइजर की एक और सांठगांठ सामने आई है। नाला पक्का बनाने का काम यूं तो कई दिनों से बंद था। अब ठेकेदार ने अवैध कॉलोनी की जमीन से सटे नाले से ही काम चालू कर दिया। वह भी इतनी तेजी से की कॉलोनी के सहारे वाले नाले की दोनों तरफ की दीवार सीसी कर कर दी गई है। इसका लाभ सीधे तौर पर कॉलोनाइजरों को मिलेगा।

## तलाशा जा रहा है राजस्व रिकॉर्ड



यह है जमीन से सटा कच्चा नाला, ठेकेदार आसपास के हिस्से को छोड़कर पहले यहीं के नाले को पक्का कर रहा है।

प्रशासन जमीन से संबंधित राजस्व रिकॉर्ड तलाशने में जुटा है। जमीन मालिक, सर्वे नंबर, रकबा सहित अन्य दस्तावेज निकाले जा रहे हैं। टीएंडसीपी से डायवर्शन व अन्य जानकारी भी ली जा रही है। इसमें गड़बड़ी पाए जाने पर प्रशासनिक अमला भी कॉलोनाइजरों पर शिकंजा कस सकता है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया अवैध कॉलोनियों पर लगातार कार्रवाई कर रहे हैं। शिकायत मिलने के बाद जांच रिपोर्ट आते ही कुछ कॉलोनियों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा।

भास्कर 30.11.21

---

## मांगलिक भवन में 136 पेंशन पात्रों का सत्यापन

रतलाम | सोमवार को आंबेडकर मांगलिक भवन में 136 पेंशन लेने वालों का सत्यापन किया गया। 30 नवंबर को अमृत सागर उद्यान में शिविर लगेगा। अभियान के तहत अब तक 5304 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन हो चुका है। इसी प्रकार नगर निगम अब तक 2285 हितग्राहियों को पीएम स्वनिधि योजना में ब्याज मुक्त ऋण बांट चुकी है। उधर संकल्प से सिद्धि विशेष अभियान के तहत शहर के पंजीकृत एवं पथ विक्रेता से भी आवेदन लिए जा रहे हैं। पात्रों को 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराया जाएगा।

# 32 सड़कों के टेंडर अब तक जारी नहीं हुए, पेचवर्क भी बंद

भास्कर संवाददाता | रतलाम

30/11/21

अक्टूबर में ही सड़कों को ठीक करने का दावा करने वाला नगर निगम दीपावली को गुजरे एक माह होने के बाद भी 32 सड़कों के टेंडर तक जारी नहीं कर पाया है। पेचवर्क भी लगभग एक माह से बंद है।

अगस्त में डामरीकरण के लिए 38 सड़कों के टेंडर निकाले थे। इनमें से सिर्फ 6 के टेंडर हो पाए थे। इनमें से भी एक पदमश्री बार वाली सड़क कई दिनों से खुदी है। बाकी 32 सड़कों के दूसरी बार टेंडर होना हैं। सितंबर में सालभर के लिए 80 लाख का टेंडर दिया था। इनमें से दीपावली पूर्व पेचवर्क सहित कुछ पुराने पेचवर्क के भुगतान पर लगभग 21 लाख खर्च हो चुके हैं। ठेकेदार बलवीर सिंह ने दूसरी बार पेचवर्क ही चालू नहीं किया है। लापरवाही का यह आलम तब है जबकि खुद प्रभारी मंत्री ओपीएस भदौरिया, विधायक चेतन्य काश्यप और कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम सड़कों को सुधारने का दावा कर चुके हैं।

भास्कर 30-11-21

## संक्षिप्त समाचार

### 30/11 कैंप में आए 307 आवेदन नवभारत

रतलाम। राज्य शासन की योजना के अनुसार कोविड-19 संक्रमण से जिन व्यक्तियों की मृत्यु हो गई है, उनके वारिसान को अनुग्रह राशि प्रदान करने के लिए पूरे जिले में रविवार को कैंप आयोजित किए गए। इस दौरान 307 आवेदन प्राप्त हुए जिनका परीक्षण उपरांत कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया कि रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर के अलावा जिले की जनपद पंचायतों तथा नगर पालिकाओं में भी कैंप आयोजित किए गए। रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कैंप में 190 आवेदन प्राप्त हुए। इसके अलावा जावरा में 30, पिपलोदा में 50 तथा बाजना में 10, ताल नगर पालिका में 11, नगर पालिका आलोट में 7 आवेदन प्राप्त हुए। रतलाम कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित कैंप में आवेदन का प्रारूप भी आवेदकों को उपलब्ध कराया गया जिसकी पूर्ति आवेदकों से कराई जाकर प्राप्त किया गया। जानकारी के अनुसार कोरोना संक्रमण से मृत्यु की दशा में वारिसान को अनुग्रह सहायता राशि देने का कार्य सतत जारी है। अब तक 67 व्यक्तियों के बैंक खातों में 50-50 हजार रुपए अनुग्रह राशि अंतरित की जा चुकी है।

नवभारत
30-11-21

### 76 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया

रतलाम। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर-घर से पृथक-पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले-सूखे कचरे, सड़कों व नाले-नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया जा रहा है। सोमवार को 76 टन कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पर पहुंचाया गया। डंपर से 25345, ट्रैक्टर-ट्राली से 11595, काम्पेक्टर सूखा कचरा 20665, काम्पेक्टर गीला कचरा 18750 कुल 76355 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउंड पहुंचाया गया। 30-11

नई दुनिया

नई दुनिया 30-11-21

# युवती के साथ अभद्र व्यवहार व प्रताड़ना की शिकायत

## ज्ञापन सौंपकर की एफआइआर की मांग



प्रदर्शन करते आदर्श वाल्मीकि पंचायत के पदाधिकारी व कार्यकर्ता। ● नईदुनिया

30-11-21

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। आदर्श वाल्मीकि पंचायत ने सोमवार दोपहर राज्यपाल के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंपकर युवती के साथ दो युवकों द्वारा अभद्र व्यवहार करने, जातिसूचक शब्दों व मानसिक रूप से परेशान करने का आरोप लगाते हुए उनके खिलाफ एफआइआर करने व मामले में लापरवाही करने वाले पुलिस अधिकारियों पर भी कार्रवाई की मांग की है।

दोपहर में बड़ी संख्या में पंचायत पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्टोरेट पहुंचे व तहसीलदार गोपाल सोनी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि वाल्मीकि समाज की युवती के साथ दो युवकों द्वारा पिछले दिनों अभद्र व्यवहार किया गया था। साथ ही जातिसूचक शब्दों से अपमानित कर मानसिक रूप से परेशान किया गया। जांच के नाम पर टालमटोल की जाती रही। 19 नवंबर को वह माणकचौक थाने गई तो वहां से स्टेशन रोड थाना भेजा, यहां से महिला डेस्क पर भेज दिया। इसके बाद अजाक थाना भेजा गया। यदि 48 घंटे में एफआइआर नहीं की गई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन की प्रति मुख्यमंत्री, प्रदेश के गृहमंत्री, आयुक्त नगर निगम, शहर विधायक व राष्ट्रीय महिला आयोग नईदल्ली भी भेजी गई है। इस अवसर पर पंचायत के नगराध्यक्ष विजय खरे, मनोज चावरे, हितेश पैमाल, संजय रानवे, सुनील डागर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

नई दुनिया
30-11-21

### अमृत सागर उद्यान में होगा सत्यापन

रतलाम. सामाजिक न्याय विभाग द्वारा 12 प्रकार की पेंशन देने के लिए भौतिक सत्यापन इन दिनों चल रहा है। अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड में सोमवार को आयोजित शिविर में 136 पेंशन हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया गया। अब तक 5304 हितग्राहियों का भौतिक सत्यापन किया जा चुका है। मंगलवार को झोन क्रमांक 3 अमृत सागर उद्यान में सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक शिविर का आयोजन होगा।

नई दुनिया
30-11-21

**स्वच्छता सर्वेक्षण** | **स्वच्छता जागरूकता के लिए आज से धन्यवाद मप्र अभियान**

# सफाई संरक्षकों, आमजन का नगर निगम करेगा सम्मान

**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के परिणामों में प्रदेश के शहरों की उल्लेखनीय प्रगति में नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका में उनको प्रोत्साहन एवं आगे स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए ऊर्जा बनाए रखने के लिए 29 नवंबर से धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान को लेकर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने रविवार को निगम अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों की बैठक ली।

बैठक में आयुक्त ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 के में रतलाम नगर निगम ने भी अच्छी रैंकिंग प्राप्त की है। इसका श्रेय नगर के सभी नागरिक, सफाई संरक्षक, स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों को जाता है। अभियान के तहत उन्हे प्रोत्साहित करना व स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में रतलाम को उच्चतम रैंकिंग के लिए ऊर्जा बनाए रखना है। आयुक्त ने निर्देश दिए कि गतिविधियों का संचालन जोन अनुसार किया जाए, जिससे नागरिक शहर की स्वच्छता में अधिक से अधिक भागीदारी करने के लिए प्रेरित हों, साथ ही सभी नागरिकों को स्वच्छता एप डाउनलोड करवाकर दर्ज शिकायतों का समय सीमा में निराकरण करवाएं।

बैठक में उपायुक्त विकास सोलंकी, कार्यपालन यंत्री मोहम्मद हनीफ शेख, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा, नगर निगम की सहयोगी संस्था के अनिल पांचाल, अशोक शर्मा, दिव्या व राजा ठाकुर उपस्थित रहे।



निगम अधिकारी, कर्मचारी व स्वच्छतागृही सामाजिक संगठनों की बैठक लेते हुए आयुक्त सोमनाथ झारिया। ●नईदुनिया

## इस तरह चलेंगी गतिविधियां

- 29 व 30 नवंबर को सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छागृहीगणों का सम्मान समारोह और प्रशिक्षण, धन्यवाद ज्ञापन समारोह होगा।
- 01 व 02 दिसंबर को कचरा संग्रहण के दौरान सभी नागरिकों को सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापन, स्वच्छता एप का प्रचार-प्रसार और शिकायत समाधान।
- 03 व 04 दिसंबर को सार्वजनिक क्षेत्रों में सफाई रखने के लिए नागरिकों एवं व्यापारिक संस्थानों, छोटी-बड़ी सभी दुकानों आदि में नगर निगम व एनजीओ की टीम के माध्यम से व्यक्तिगत संपर्क और धन्यवाद ज्ञापित किया जाएगा।
- 5 व 6 दिसंबर को सार्वजनिक शौचालयों के संचालकों का उनके स्थान पर ही जाकर सम्मान।

नै.दु.

नईदुनिया 29/11/21

# शहर को स्वच्छ बनाने का आह्वान




सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छागृहीगणों आदि का सम्मान किया गया। ●नईदुनिया

रतलाम। संचालनालय नगरीय प्रशासन व विकास के निर्देश पर सोमवार को शहर में धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान का शुभारंभ हुआ। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाए जाने का आह्वान किया। सफाई मित्र समूह द्वारा कचरामुक्त व सार्वजनिक स्थानों पर आकर्षक रंगोलियों का निर्माण कर स्वच्छता का संदेश दिया गया।

अभियान के शुभारंभ पर शहर के चारों जोनों पर समारोह आयोजित कर सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छागृहीगणों आदि का पुष्पमालाओं, पुष्पगुच्छों व प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मान किया गया। उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े, विनय चौहान, विराट मेहरा, स्वच्छता ब्रांड एम्बेसेडर नवोदित बैरागी, अनुज शर्मा, दिव्या पाटीदार जोशी, शैलेंद्रसिंह कटारिया, अशोक शर्मा सहित सफाई मित्र समूह के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

### सोलर वाटर हीटर भेंट

नीमच। इनरव्हील क्लब संस्था द्वारा शनिवार को जिला चिकित्सालय के मेटरनिटी वार्ड के लिए 60 हजार की लागत से सोलर वाटर हीटर लगाकर भेंट किया गया। ग्वालटोली में क्लब की ओर से परित्यक्ता महिला को गृहस्थी जमाने के लिए आवश्यक सामग्री भेंट की गई।

नई दुनिया 30-11-21

नई दुनिया 30-11-21

**अभियान- ननि ने शुरू की कवायद**

# सफाई के लिए लोगों को जागरूक करने किया सम्मान

भास्कर संवाददाता | रतलाम

नगर निगम ने सोमवार से धन्यवाद मध्यप्रदेश अभियान शुरू कर दिया है। इसमें सफाई के चारों जोन कार्यालयों पर सफाई मित्रों, सहयोगी संस्थाओं और स्वच्छागृहीगणों ने रहवासियों और सफाई कर्मचारियों का सम्मान किया। साथ ही स्वच्छता के प्रति जागरूक भी किया।

अभियान के तहत 30 नवंबर को धन्यवाद ज्ञापन समारोह, 1 व 2 दिसंबर को डोर-टू-डोर वाहन में कचरा डालने वाले नागरिकों का धन्यवाद किया जाएगा। 3 व 4 दिसंबर को व्यापारिक क्षेत्रों के दुकानदारों से संपर्क किया जाएगा। 5 व 6 दिसंबर को सार्वजनिक शौचालय के संचालकों को सम्मानित किया जाएगा। सोमवार को हुए कार्यक्रम में उपायुक्त विकास सोलंकी, स्वास्थ्य अधिकारी जीके जायसवाल, जोन प्रभारी किरण चौहान, पर्वत हाड़े सहित अन्य मौजूद रहे।

उधर, सड़क किनारे कब्जा करने वालों के खिलाफ भी मुहिम शुरू हो गई है। अभी सिर्फ फुटपाथ पर रखे साइन बोर्ड व अन्य सामान जब्त किया जा रहा है। इसके साथ कच्चे-पक्के निर्माण को चयनित कर रहे हैं। अगले सप्ताह से इन्हें हटाया जाएगा। तोड़ने के बदले 15 हजार रुपए प्रति घंटा शुल्क वसूलेंगे।

भास्कर 30-11-21

30/11-21